वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 18.09.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", हिन्दुस्तान, न्यायाधीश,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

हिन्दुस्तान–दि0 18.09.2024

पार्कों का सुंदरीकरण मानक अनुरूप हो

वाराणसी। शहर में निर्माण और पार्कों के सुंदरीकरण से संबंधित कार्यों की समीक्षा मंगलवार को वीडीए मुख्यालय में की गई। वीडीए सचिव डॉ. वेदप्रकाश मिश्रा ने बैठक में पार्कों का सुंदरीकरण मानकों के अनुसार करने और तय समय पर काम पूरा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा, अधीक्षण अभियंता आनंद मिश्रा, सहायक अभियंता शिवाजी मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान–दि0 18.09.2024

वाराणसी विकास प्राधिकरण ने किया शहर के पार्कों के सुंदरीकरण कार्यों की समीक्षा

वाराणसी, ।वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के दिशा-निर्देशों के तहत आज उपाध्यक्ष सभागार में सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शहर के विभिनन निर्माण कार्यों और पार्कों के सुंदरीकरण से संबंधित प्रगति का आकलन किया गया।बैठक के दौरान निर्माण अनुभाग द्वारा चल रहे पूर्ण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। इसमें शहर के अंदर स्थित विभिनन पार्कों के सौंदर्यीकरण और उनके विकास पर विशेष ध्यान दिया गया। सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पार्कों का सुंदरीकरण नियमों के अनुसार किया जाए और इसमें किसी भी प्रकार की देरी न हो।बैठक में इस बात पर भी चर्चा की गई कि शहर के पार्कों को जनहित के अनुरूप अधिक आकर्षक और उपयोगी बनाया जाए, ताकि लोग वहां समय बिता सकें और वाराणसी को एक हरित शहर के रूप में देखा जा सके। सचिव ने यह भी निर्देश दिया कि पार्कों के सुंदरीकरण के काम में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।इसके साथ ही, शहर में चल रहे निर्माण कार्यों से जुड़े फर्मों के लंबित बिलों के शीघ्र भुगतान के निर्देश भी दिए गए। सचिव ने कहा कि सभी ठेकेदारो और फर्मों को उनके बकाया बिलों का निस्तारण शीघ्र किया जाए, जिससे विकास कार्यों में गति प्रभावित न हो।बैठक में उपस्थित अधिकारियों में अपर सचिव गुणाकेश शर्मा,अधीक्षण अभियंता आनंद मिश्रा, आर्किटेक्ट अवर अभियंता और अन्य प्रमुख अधिकारी शामिल थे। सभी ने पार्कों के विकास कार्यों और अन्य निर्माण से जुड़ी रिपोर्ट पेश की और आगामी योजनाओं पर चर्चा की। इस बैठक के माध्यम से वाराणसी विकास प्राधिकरण ने शहर के सौंदर्यीकरण और विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर स्पष्ट किया है।